8-चयन का आधार –

प्रश्नगत पदों पर चयन की कार्यवाही उत्तर प्रदेश शासन कार्मिक अनुभाग-3 की अधिसूचना संख्या-32/2015/857/47-का-3-2015-13/19/2015, दिनांक- 11-05-2015 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश समूह 'ग' के पदों के सीधी भर्ती (रीति और प्रक्रिया) नियमावली, 2015, उत्तर प्रदेश शासन कार्मिक अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या- 4/2017/1/1/2017-का-2, दिनांक- 31 अगस्त, 2017 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश अवर स्तरीय पदों पर सीधी भर्ती (साक्षात्कार बन्द किया जाना) नियमावली, 2017 एवं उत्तर प्रदेश शासन कार्मिक अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या-1103/47-का-3-2020-13/17/2020, दिनांक- 20-11-2020 द्वारा अपनायी गयी नवीन आवेदन प्रक्रिया एवं द्विस्तरीय परीक्षा प्रणाली के अनुसार (जिसके अंतर्गत मुख्य परीक्षा के लिए वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकता है जो आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा में सम्मिलित हुआ हो) तथा उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग, पशुधन प्रसार एवं कुक्कुट विकास सेवा नियमावली, 2002 यथासंशोधित (प्रथम संशोधन- 2013 एवं द्वितीय संशोधन- 2024) के अनुसार की जायेगी, जिसके अनुसार चयन का आधार लिखित परीक्षा है। लिखित परीक्षा हेतु उत्तर प्रदेश शासन कार्मिक अनुभाग-3 के पत्र संख्या- 486/47-का-3-2026, दिनांक- 30-06-2026 द्वारा अनुमोदित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम का अभ्यर्थियों के सूचनार्थ विज्ञापन के प्रस्तर-9 में उल्लेख किया गया है तथा परीक्षा तिथि के संबंध में यथासमय सूचित किया जायेगा।

9- लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना और पाठ्यक्रम-

प्रश्नगत परीक्षा में एक प्रश्नपत्र होगा, जिसमें कुल 100 प्रश्न होंगे तथा समयावधि दो घण्टा होगी। परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। लिखित परीक्षा हेतु प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन (निगेटिव मार्किंग) का प्रावधान है, जो उस प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।

परीक्षा योजना

परीक्षा के भाग, विषय, प्रश्नों की संख्या, कुल अंक और समयावधि नीचे दिये गये विवरण के अनुसार होगा-

भाग	विषय	प्रश्नों की संख्या	कुल अंक	समयावधि
भाग-1	(1) पशुपालन का परिचय	05	05	
	(2) पशु शरीर रचना एवं शरीर क्रिया विज्ञान	05	05	
	(3) पशु पोषण	05	05	
	(4) पशु प्रजनन एवं कृत्रिम गर्भाधान	05	05	
	(5) डेयरी प्रबंधन	05	05	
	(6) कुक्कुट पालन	05	05	
	(7) पशु स्वास्थ्य एवं रोग प्रबंधन	05	05	

	(8) पशुधन प्रसार शिक्षा	05	05	दो घण्टा (120 मिनट)
	(9) गाय, भैंस, भेड़, बकरी एवं सूकर पालन	05	05	
	(10) डेयरी एवं पशु उत्पाद प्रौद्योगिकी	05	05	
	(11) पशुधन अर्थशास्त्र एवं उद्यमिता	05	05	
	(12) फील्ड ट्रेनिंग एवं प्रायोगिक कार्य	05	05	
	(13) व्यावहारिक भाग	05	05	
भाग-2	कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान	15	15	
भाग-3	उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी	20	20	
योग		**100**	**100**	

नोट- उपर्युक्त परीक्षा हेतु प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन (निगेटिव मार्किंग) का प्रावधान है, जो उस प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।

पाठ्यक्रम

भाग-1

(विषयगत ज्ञान)

(1) पशुपालन का परिचय

भारत में पशुपालन का महत्व, पशुधन विकास कार्यक्रम, पशुपालन की मूलभूत अवधारणाएँ।

(2) पशु शरीर रचना एवं शरीर क्रिया विज्ञान

पाचन तंत्र, श्वसन तंत्र, रक्त परिसंचरण, प्रजनन तंत्र।

(3) पशु पोषण

पोषक तत्वों का वर्गीकरण, संतुलित आहार, चारा एवं चारा उत्पादन।

(4) पशु प्रजनन एवं कृत्रिम गर्भाधान

प्रजनन की मूल अवधारणाएँ, गर्भाधान तकनीक, नस्ल सुधार कार्यक्रम।

(5) डेयरी प्रबंधन

दुग्ध पशुओं का चयन, आवास एवं प्रबंधन, दुग्ध उत्पादन तकनीक, दुग्ध स्वच्छता।

(6) कुक्कुट पालन

मुर्गी नस्लें, आवास एवं प्रबंधन, रोग नियंत्रण।

(7) पशु स्वास्थ्य एवं रोग प्रबंधन

सामान्य रोग, टीकाकरण कार्यक्रम, प्राथमिक उपचार।

(8) पशुधन प्रसार शिक्षा

प्रसार शिक्षा के सिद्धांत, संचार कौशल, ग्रामीण विकास कार्यक्रम।

(9) गाय, भैंस, भेड़, बकरी एवं सूकर पालन
नस्लें, आवास और प्रबंधन, उत्पादन तकनीकें, रोग नियंत्रण और प्रबंधन।

(10) डेयरी एवं पशु उत्पाद प्रौद्योगिकी
दूध प्रसंस्करण, दुग्ध उत्पाद निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण।

(11) पशुधन अर्थशास्त्र एवं उद्यमिता
परियोजना निर्माण, लागत एवं लाभ विश्लेषण, स्वरोजगार योजनाएँ।

(12) फील्ड ट्रेनिंग एवं प्रायोगिक कार्य
पशु चिकित्सालय प्रशिक्षण, कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण, ग्रामीण विस्तार कार्यक्रम, फील्ड सर्वे एवं परियोजना कार्य।

(13) व्यावहारिक भाग
पशुओं की पहचान एवं प्रबंधन, टीकाकरण एवं औषधि प्रयोग, दुग्ध परीक्षण, चारा उत्पादन, रिकॉर्ड संधारण।

भाग-2
(कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान)

- कम्प्यूटर, सूचना तकनीकी ,इन्टरनेट एवं वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) का इतिहास, परिचय एवं अनुप्रयोग।
- निम्नलिखित बिन्दुओं सम्बन्धी सामान्य ज्ञान-

  - ✓ हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर।
  - ✓ इनपुट एवं आउटपुट।
  - ✓ इन्टरनेट प्रोटोकॉल/आई0पी0 एड्रेस।
  - ✓ आई0टी0 गैजेट एवं उनका अनुप्रयोग।
  - ✓ ई-मेल आई0डी0 को बनाना एवं ई-मेल का प्रयोग/संचालन।
  - ✓ प्रिंटर, टेबलेट एवं मोबाइल का संचालन।
  - ✓ वर्ड प्रोसेसिंग (MS-Word) एवं ऐक्सेल प्रोसेसिंग (MS-Excel) के महत्वपूर्ण तत्व।
  - ✓ ऑपरेटिंग सिस्टम, सोशल नेटवर्किंग, ई-गवर्नेंस।

- डिजिटल वित्तीय उपकरण और अनुप्रयोग।
- भविष्य के कौशल और साइबर सुरक्षा।
- कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होने वाले तकनीकी विकास एवं नवाचार (आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, बिग डेटा प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स) तथा इस क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ आदि।

भाग-3
(उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी)

प्रश्न पत्र के इस भाग से उम्मीदवारों से उत्तर प्रदेश का इतिहास, संस्कृति, कला, वास्तुकला, त्योहार, लोक नृत्य, साहित्य, क्षेत्रीय भाषायें, विरासत, सामाजिक रीति-रिवाज और पर्यटन, भौगोलिक परिदृश्य एवं पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, जलवायु, मिट्टी, वन, वन्यजीव, खान और खनिज, अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, व्यवसाय और रोजगार, राजव्यवस्था एवं प्रशासन तथा समसामयिक घटनाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश राज्य की उपलब्धियाँ आदि पर आधारित प्रश्न पूछे जायेंगे।

RojgarResult.Com

There will be one question paper in the written examination, which will contain 100 questions and the total time duration will be two hours. The questions of the examination will be objective and multiple-choice type. Each question will be of one mark. There is a provision of negative marking for each wrong answer for the examination, which will be 25 percent i.e. ¼ of the marks prescribed for that question.

Examination Plan

The parts of examination, subjects, number of questions, total marks and time period will be as per the details given below-

Part	Subject	Number of Questions	Total Marks	Time Period
Part-1	(1) Introduction to Animal Husbandry	05	05	Two Hours (120 Minutes)
	(2) Animal Anatomy and Physiology	05	05	
	(3) Animal Nutrition	05	05	
	(4) Animal Breeding and Artificial Insemination	05	05	
	(5) Dairy Management	05	05	
	(6) Poultry Farming	05	05	
	(7) Animal Health and Disease Management	05	05	
	(8) Livestock Extension Education	05	05	
	(9) Rearing of Cattle, buffalo, sheep, goat, and pig.	05	05	
	(10) Dairy and Animal Product Technology	05	05	
	(11) Livestock Economics and Entrepreneurship	05	05	
	(12) Field Training and Practical Work	05	05	
	(13) Practical Section	05	05	

RojgarResult.com

Part-2	Knowledge of concepts of Computer and Information Technology and contemporary technological development and innovation in this field	15	15	
Part-3	General information related to the state of Uttar Pradesh	20	20	
Total		**100**	**100**	

Note- There is a provision of negative marking for each wrong answer for the above examination, which will be 25 percent i.e. ¼ of marks prescribed for that question.

SYLLABUS

Part-1

(Subject related Knowledge)

(1) Introduction to Animal Husbandry

Importance of animal husbandry in India, livestock development programs, basic concepts of animal husbandry.

(2) Animal Anatomy and Physiology

Digestive system, respiratory system, blood circulation, reproductive system.

(3) Animal Nutrition

Classification of nutrients, balanced diet, fodder and fodder production.

(4) Animal Breeding and Artificial Insemination

Basic concepts of breeding, insemination techniques, breed improvement programs.

(5) Dairy Management

Selection of dairy animals, housing and management, milk production techniques, milk hygiene.

(6) Poultry Farming

Poultry breeds, housing and management, disease control.

(7) Animal Health and Disease Management

Common diseases, vaccination programs, first aid.

(8) Livestock Extension Education

Principles of extension education, communication skills, rural development programs.

RojgarResult.Com

(9) **Rearing of Cattle, buffalo, sheep, goat, and pig.**

Breeds, housing and management, production techniques, disease control and management.

(10) **Dairy and Animal Product Technology**

Milk processing, dairy product manufacturing, quality control.

(11) **Livestock Economics and Entrepreneurship**

Project formulation, cost-benefit analysis, self-employment schemes.

(12) **Field Training and Practical Work**

Veterinary hospital training, artificial insemination training, rural extension programs, field surveys and project work.

(13) **Practical Section**

Animal identification and management, vaccination and administration of medicines, milk testing, fodder production, record keeping.

Part-2

(Knowledge of Concepts of Computer and Information Technology and Contemporary Technological Development and Innovation in this field)

- History, Introduction and Application of Computer, Information Technology, Internet and World Wide Web (WWW).
- General Knowledge related to:
  - ✓ Hardware and Software.
  - ✓ Input and Output.
  - ✓ Internet Protocol/IP Address.
  - ✓ IT gadgets and their application.
  - ✓ Creation of e-mail ID and use/operation of e-mail.
  - ✓ Operation of Printer, Tablet and Mobile.
  - ✓ Important elements of Word Processing (MS-Word) and Excel Processing (MS-Excel).
  - ✓ Operating System, Social Networking, e-Governance.
- Digital Financial Tools and Applications.
- Future Skills and Cyber Security.

RojgarResult.com

- Technological Development and Innovation in the field of Computer and Information Technology (Artificial Intelligence, Big Data Processing, Deep Learning, Machine Learning, Internet of Things) and India's achievements in this field etc.

Part-3

(General Information related to The State of Uttar Pradesh)

In this part of the question paper, questions based on History, Culture, Art, Architecture, Festivals, Folk Dance, Literature, Regional Languages, Heritage, Social Customs and Tourism, Geographical Landscape and Environment, Natural Resources, Climate, Soil, Forest, Wildlife, Mines and Minerals, Economy, Agriculture, Industry, Business and Employment, Polity, Administration of Uttar Pradesh and Current Events and Achievements of Uttar Pradesh State in various fields etc. will be asked from the candidates.

10-लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में विशेष नोट -

विज्ञापन संख्या-17-परीक्षा/2026, पशुधन प्रसार अधिकारी मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/17 की लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की शार्टलिस्टिंग उनके प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर की जाएगी। प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना अभ्यर्थियों को [अंतिम कटऑफ अंक तक नार्मलाइज्ड स्कोर (दशमलव के 02 स्थान तक) धारित करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए] लिखित परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किया जायेगा।

यदि परीक्षा एक से अधिक पालियों/ दिवस में आयोजित की जाती है तो अभ्यर्थियों के तुलनात्मक मूल्यांकन हेतु स्कोर के नार्मलाइजेशन की प्रक्रिया दिनांक 22 मई, 2019 को प्रकाशित आवश्यक सूचना संख्या-42/05/विज्ञा0 अनु0 (ग्यारह)/2019 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार होगी।